dainik bhaskar

छपरा में लाखों रुपये का नकली सामान बरामद:शहर के अंदर करीब 6 दुकान पर छापेमारी, लाखों का ब्रांडेड कॉस्मेटिक सामान बरामद

छपरा में आधा दर्जन दुकानों पर छापेमारी के दौरान ब्रांडेड कंपनियों के नकली कॉस्मेटिक समान जब्त किया गया। सारण पुलिस और कंपनी के अधिकारियों के संयुक्त छापेमारी में बाजारों में नकली समान बेचने के गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। छापेमारी में शामिल अधिकारियों ने बताया कि छपरा शहर के कई बाजारों में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली समान बेचने की सूचना प्राप्त हो रही थी। सूचना प्राप्त होने के संदर्भ में सारण पुलिस के नेतृत्व में संदेहास्पद दुकानों पर छापेमारी की गई जिसमें कोई ब्रांड के नकली कॉस्मेटिक वस्तु पकड़ी गई।

दर्जनों कंपनी के नकली कॉस्मेटिक समान बरामद

करीब आधा दर्जन ऊपर छापेमारी के दौरान ब्रांडेड कंपनियों के नकली कॉस्मेटिक सामान बरामद हुए बरामद वस्तुओं में तेल,काजल, लिप लाइनर,साबुन शेम्पू सहित कई वस्तु पकड़े गए। ब्रांडेड कंपनी बजाज,लोरियाल,लकमी,सहित कई कंपनियों के समान जप्त किये गए है। शहर के गुडहट्टी बाजार, साहेबगंज,तीनकोनिया और नेहरू चौक के दुकानों पर शाम तक छापेमारी चली। छापेमारी की ख़बर सुनते ही बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

नकली समान बेचने वाले दुकानदारों के ख़िलाफ प्राथमिकी दर्ज

ब्रांडेड कंपनियों ने नाम पर नकली समान को जप्त कर नगर थाना में लाया गया जहां कॉपी राइट एक्ट के तहत नकली समान बरामद दुकान के दुकानदारों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। छपरा शहर में छः दुकानदारो के खिलाफ प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही है। फ़िलहाल छापेमारी के बाद शहर में नकली समान मिलने पर चर्चाओं का बाज़ार गरम हैं।

Source : https://www.bhaskar.com/local/bihar/patna/chhapra/news/police-raid-on-shops-in-chhapra-recovered-branded-cosmetic-product-bihar-bhaskar-latest-news-129226003.html